## महत्वपूर्ण एवं खास

### घर से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर (आरएनएस)।** संजयनगर सतनामीपारा में स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सलमान मिर्जा 30 वर्ष संजयनगर सतनामीपारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के ऊपर बने कमरे का ताला तोडक़र कमरे में प्रवेश किया और दीवान में रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी 1 लाख 25 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सारंगढ़ में 14 दिसम्बर को होगा दिव्यांग मेडिकल कैंप

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के पहल पर सिविल अस्पताल सारंगढ़ में द्वितीय शनिवार 14 दिसम्बर को दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में शामिल होने के लिए दिव्यांगों को आधार कार्ड, राशनकार्ड और 2 पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों से सामान्य बीमार का चेकअप कोई भी नागरिक करा सकता है।

### सारंगढ़ में 14 दिसंबर को पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले लेंगे प्रेस वार्ता

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन द्वारा एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी पुन्नू लाल मोहले, पूर्व मंत्री और विधायक मुंगेली 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजे प्रेस वार्ता में देंगे। यह प्रेस वार्ता कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभा कक्ष में आयोजित होगा।

### सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर किया गया किसान मेला का आयोजन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर, बिलाईगढ़ ब्लॉक में जैविक खेती योजना के तहत एक महत्वपूर्ण किसान मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के लाभ और उसके तरीके के बारे में जागरूक करना था। कृषि विभाग ने इस मौके पर विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए थे, जहां किसानों को कृषि के नए तकनीकों और उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खेती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, कलेक्टर धर्मेश साहू, जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान, जिला कृषि अधिकारी भी मौजूद रहे। किसानों को जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और इसके पर्यावरणीय लाभों पर भी चर्चा की। किसान मेला ने किसानों को उन्नत खेती की तकनीकों और जैविक खेती के प्रति जागरूक किया, जो क्षेत्र में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगा।

### हरदी हाईस्कूल में हुआ सुशासन पर विचार गोष्ठी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस उपलक्ष्य में सारंगढ़ ब्लॉक के शा.उ.मा.विद्यालय हरदी में सुशासन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षक और विद्यार्थियों ने राज्य सरकार के कार्यों पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

# जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का लोगों ने किया अवलोकन

**मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन, सुशासन के नवीन आयाम सहित जनकल्याणकारी योजना के बुकलेट एवं पुस्तिकाएं की गई वितरित**

रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार के 13 दिसम्बर को 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' की थीम पर जिला जनसंपर्क कार्यालय, रायगढ़ द्वारा कलेक्टोरेट परिसर के पास छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई।

जिसमें राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत जिले में पिछले एक वर्ष में हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं कार्यक्रमों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का जन सामान्य ने अवलोकन कर वितरित मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन, सुशासन के नवीन आयाम सहित जनकल्याणकारी योजनाओं की पंपलेट एवं पुस्तिकाएं प्राप्त किए।

छायाचित्र प्रदर्शनी में कृषक उन्नति योजना से किसानों में आयी खुशहाली रायगढ़ के किसानों को 494.31 करोड़ का हुआ भुगतान, ज्ञान आधारित समाज की ओर बढ़ते कदम नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया गया। नालंदा परिसर में स्मार्ट लाइब्रेरी व स्टडी जोन होगा, हजारों किताबों के संग्रह के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ई-बुक एक्सेस करने की भी सुविधा होगी। स्मार्ट लर्निंग पर फोकस होगा। 24X7 वाईफाई और इंटरनेट की सुविधा भी छात्रों को यहां मिलेगी। इसी तरह प्रदर्शनी में जन समस्या निवारण शिविरों से आम जन तक पहुंच रहा जिला प्रशासन, महतारी बंधन से माता बहनों को मिल रहा आर्थिक संबल, रायगढ़ जिले की महिलाओं को 249 करोड़ से अधिक की राशि की जारी, स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर हो रहा विस्तार रायगढ़ जिले के 9.55 लाख से अधिक हितग्राहियों का बनाए गए आयुष्मान कार्ड, राजस्व प्रकरणों के सुगम निराकरण हेतु एक वर्ष में 1.66 लाख से अधिक नक्शों का किया गया अद्यतीकरण, पीएम आवास योजना से लोगों को मिल रहा खुशियों का आशियाना रायगढ़ में वर्ष 2024-25 में 36 हजार से ज्यादा आवास निर्माण को मिली स्वीकृति, राम लाल दर्शन योजना से श्रद्धालुओं को मिल रहा प्रभु राम के दर्शन का अवसर, रायगढ़ जिले से अब तक आठ जत्थों में श्रद्धालुओं ने अयोध्या धाम के किए दर्शन, केंद्र सरकार की जल शक्ति 'कैच द रैन रनÓ अभियान अंतर्गत जल संचय जन भागीदारी श्रेणी में पूरे देश में रायगढ़ जिला टॉप में रहा, एक पेड़ मां के नाम पर रायगढ़ में चलाया गया वृहद वृक्षारोपण अभियान, नेवता भोज से छात्रों में सामुदायिक जुड़ाव को मिल रहा बढ़ावा, जल जीवन मिशन से घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन का छायाचित्र प्रदर्शित किया गया।

प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए बच्चों के साथ न्यौता भोज, रामलला (अयोध्या धाम) दर्शन, राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम, आवास मेला के साथ ही राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं-महतारी वंदन, धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास, तेंदूपत्ता संग्रहण आदि उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

**छायाचित्र प्रदर्शनी का लोगों ने की सराहना-** जिला जनसंपर्क कार्यालय, रायगढ़ द्वारा कलेक्टोरेट परिसर के पास लगाए गए छायाचित्र प्रदर्शनी को देखने आ रहे लोगों ने खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में सार्वजनिक जगहों पर ऐसा प्रदर्शनी का आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे शासन की जो भी योजनाएं है उससे जानने एवं समझने का लोगों को मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार डिजीटल, पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में काम कर रही है, जो सराहनीय है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं की खाते में एक हजार प्रतिमाह मिलने से महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर खरीदी की जा रही है। जिससे किसान भी सशक्त हो रहे है। पीएम आवास से आज लोगों के पक्के घरों का सपना पूरा हो रहा है। प्रदर्शनी देखने आये लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

**विद्यार्थियों ने नालंदा परिसर को लेकर की खुशी जाहिर-** विद्यार्थियों ने रायगढ़ में हुए नालंदा परिसर के भूमिपूजन के फोटो प्रदर्शनी को देखकर काफी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में नालंदा परिसर बन जाने से युवाओं के लिए पढ़ाई के क्षेत्र में एक बेहतर प्लेटफार्म तैयार होगा। यहां हजारों किताबों का संग्रह होगा, वाईफाई की सुविधा होगी। सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को यहां स्टडी मटेरियल मिल सकेगा। जिसका लाभ रायगढ़ जिले केसभी छात्रों को यहां मिलेगा।

## सौर ऊर्जा से रोशन होंगी छत्तीसगढ़ की हाउसिंग सोसाइटीज, बिजली का बिल भी होगा कम

**रायपुर।** आरएनएस



राज्य में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा अक्षय विकास अभिकरण (क्रेडा) ने हाउसिंग सोसाइटियों को सोलर ऊर्जा से रोशन करने की तैयारी की है।

क्रेडा के अधिकारी आवासीय सोसाइटियों का सर्वे भी कर रहे हैं। बीते दिनों क्रेडा ने हाउसिंग सोसाइटियों की बैठक भी ली थी।

अधिकारियों का कहना है कि आवासीय सोसाइटी में सोलर प्लांट लगाने से यहां के रहवासियों को लाभ होगा। इसका खर्च भी आवासीय सोसाइटी और रेस्को (रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी) मिलकर करेंगे। वहीं, केंद्र सरकार ने सोलर ऊर्जा के माध्यम से 2030 तक देश में 500 बिलियन वॉट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

**दो योजनाएं होगी लांच**

सोसाइटियों में सौर संयंत्र लगाने के लिए रेस्को और कैपेक्स जैसी दो योजनाएं लांच की जा रही हैं। कैपेक्स मॉडल के अंतर्गत सोसाइटियों को इसका पूरा खर्च वहन करना होगा। वहीं, रेस्को के तहत वेंडर पूरा सिस्टम लगाएगा और कॉलोनी के लोग न्यूनतम दर पर बिजली खरीदेंगे।

क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश की सभी छोटी बड़ी कॉलोनियों को ग्रीन एनर्जी से जोडऩे के लिए इस दिशा में काम हो रहा है। सर्वे शुरू हो चुका है। इससे बिजली बिल भी कम आएगा।

रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी (रेस्को) मॉडल के तहत बिजली की मांग के अनुसार सोसाइटी में सोलर पावर प्लांट लगाया जाता है। इसमें शुरुआती खर्च रेस्को करता है। उत्पादित होने वाली बिजली को तय कीमत पर आवासीय सोसाइटी को बेचा जाता है। यह बिजली बिल की तुलना में एक तिहाई होता है। एक समय के बाद यह संयंत्र सोसाइटी के हवाले कर दिया जाता है।

**यह होता है कैपेक्स मॉडल**

कैपिटल एक्सपेंडिचर मॉडल (कैपेक्स) के तहत आवासीय सोसाइटी सोलर प्लांट लगाने का पूरा खर्च वहन करती है। इसमें सोसाइटी का ही मालिकाना हक होता है। प्लांट से उत्पादित बिजली का उपयोग यूटिलिटी बिजली भार में किया जाता है।

**इतने रुपये की होगी बचत**

रेस्को मॉडल के तहत 100 किलोवॉट का सौर संयंत्र लगाया जाता है, तो हर महीने 90 हजार की बचत होगी। वहीं कैपेक्स माडल से 1.13 लाख रुपये प्रति माह की बचत होती है। 100 किलोवॉट क्षमता का प्लांट लगाने के लिए 800 से 850 वर्ग मीटर जगह होनी जरूरी है।

## 14 दिसंबर को होगा नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में शनिवार 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माननीय न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग, समस्त बैंको आदि से संपर्क कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात् प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेन्टेनेन्स धारा के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए निराकरण किया जाएगा।

## कोतरा रोड पुलिस ने अवैध शराब तस्कर को पकड़ा, आरोपी से 52 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

रायगढ़



कोतरारोड़ पुलिस ने आज सुबह रेलवे स्टेशन किरोड़ीमल नगर के पास अवैध शराब बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी मुनू राम चौहान (46 वर्ष) को पकड़ा, जिसके पास से 12 पाव अंग्रेजी शराब और 40 पाव देशी शराब (कुल 9.35 लीटर, रु.5160) बरामद की गई।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को सुबह सूचना मिली थी कि मुनू राम चौहान वार्ड नं. 13, रेलवे स्टेशन किरोड़ीमल नगर के पास शराब बेच रहा है। प्रधान आरक्षक करूणेश राय के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। प्लास्टिक बोरी में कुल 9.35 लीटर शराब जिसकी कीमत लगभग रु.5160 आंकी गई है। आरोपी पर 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक करूणेश राय, शम्भू खैरवार और आरक्षक चन्देश पाण्डेय ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोतरारोड़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सौर ऊर्जा का बढ़ता उपयोग

**रायपुर।** आरएनएस



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है । इस सौर ऊर्जा संयंत्र का विद्युत उत्पादन क्षमता 50 मेगावाट है । इस संयंत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2024 को किया गया ।

यह संयंत्र दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई के पास चरौदा में 122 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया गया है । संयंत्र में 1,49,464 सोलर मॉड्यूल (445/448/450/465/4702 रेटिंग वाले), 13 इन्वर्टर (3.85 मेगावाट), और 15.4 मेगावाट एम्पियर व 3.85 मेगावाट एम्पियर रेटिंग वाले ट्रांसफॉर्मर शामिल हैं। यह संयंत्र 33 किलोवोल्ट्स तक विद्युत उत्पन्न करता है, जिसे 4.8 कि.मी. लंबी ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से पूलिंग सब-स्टेशन तक पहुंचाया जाता है । 33 किलोवोल्ट्स विद्युत को 220 किलोवोल्ट्स में परिवर्तित कर पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड सब-स्टेशन (कुम्हारी, रायपुर) तक भेजा जाता है । यहां से इस विद्युत को 400 किलोवोल्ट्स तक बढ़ाकर इसे ट्रैक्शन में उपयोग के लिए पावर ग्रिड लाइन से जोड़ा गया है, जिसे अन्य ज़ोनल रेलवे में भी ऊर्जा खपत में इस्तेमाल किया जाता है । इस 50 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र से प्रतिमाह 72 लाख यूनिट विद्युत उत्पन्न हो रही है तथा इसके माध्यम से हर महीने 5936 टन कार्बन के उत्सर्जन में कमी आई है । संयंत्र के 122 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले होने के कारण इसकी सफाई और रखरखाव के लिए सूर्यास्त से सूर्योदय के बीच का समय निर्धारित किया गया है । संयंत्र में स्वचालित सफाई प्रणाली विकसित की गई है, जिससे कम समय और न्यूनतम मानव संसाधन के साथ रखरखाव कार्य किया जाता है । यह सौर ऊर्जा संयंत्र न केवल रेलवे की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की यह पहल अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक मिसाल है ।

## नशीली दवाओं का कारोबार करने वालों की आएगी शामत, डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अधिकारियों को दिए कड़ी कार्यवाई करने के निर्देश

**रायपुर।** आरएनएस

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज शीली दवाओं के विक्रय एवं सेवन पर वैधानिक कार्यवाही करने और नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के लिए गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक ली।

बैठक में उन्होंने कहा कि, प्रदेश में नशीली दवाओं के सेवन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हो यह सुनिश्चित किया जाए।

**डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश-** उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मंत्रालय महानदी भवन में प्रदेश में नशीली दवाओं के विक्रय एवं सेवन पर वैधानिक कार्यवाही करने और नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के लिए गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में इस आशय के निर्देश दिए गए । बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित थे। गृहमंत्री शर्मा ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा है कि, नशीली दवाओं के नियंत्रण के लिए मेडिकल दुकानों का नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण करें तथा ऐसे मेडिकल शॉप जो वैधानिक नशीली दवाओं के कारोबार में संलग्न है उन पर त्वरित एवं कठोर कार्यवाही करें। ऐसे दुकानदारों पर एफआईआर करें तथा गिरफ्तारी की भी कार्यवाही करें। उपमुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों का सहयोग लेने की भी बात कही है।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नियंत्रक खाद्य एवं औषधि को पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर ड्रग इंस्पेक्टर की टीम बनाकर लगातार दवाई दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुवा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारीक, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त एवं सामान्य प्रशासन तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन चंदन कुमार सहित पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## महादेव सट्टा एप. शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की 160 करोड़ की संपत्ति अटैच

**रायपुर।** आरएनएस

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव सट्टा एप से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की करीब 160 करोड़ की संपत्ति अटैच कर ली है। एप के प्रमोटर विकास छापरिया के करीबी केडिया के द्वारा स्टाक पोर्टफोलियो फर्म का संचालन करने के जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान सट्टे से अर्जित रकम को परफेक्ट प्लान इंवेस्टमेंट एक्सिम जनरल ट्रेडिंग और टेक प्रो-आईटी सॉल्यूशन जैसी कंपनियों के माध्यम से निवेश करने की जानकारी मिली है। कोलकाता से गिरफ्तार आरोपित केडिया को पांच दिन की रिमांड के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**सट्टे की कमाई को शेयर में लगाता था-** विकास छपरिया के कहने पर गोविंद केडिया सट्टे की कमाई को शेयर बाजार में निवेश करता था। इन निवेशों से होने वाले लाभ और हानि को कथित तौर पर 75:25 के अनुपात में बांटा गया था।

इसमें गोविंद केडिया ने कुल निवेश के केवल 25 प्रतिशत पर ब्याज लिया था। 2023 में ईडी ने गोविंद केडिया के ठिकानों पर छापेमारी कर 18 लाख रुपये नकदी और 13 करोड़ के सोने के गहने जब्त हुए थे।

**गोविंद केडिया की अहम कड़ी-** गोविंद केडिया का नाम टेकप्रो आईटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर होल्डर नितिन टिबरेवाल से जुड़ा हुआ है। नितिन टिबरेवाल पर महादेव आनलाइन बुक सिंडिकेट के लिए कंपनी का इस्तेमाल करने का आरोप है।

ईडी का दावा है कि टिबरेवाल ने अवैध सट्टेबाजी संचालन से होने वाली आय को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से शेयर बाजार में लगाया। इसके जरिये शेयर ट्रेडिंग के माध्यम से करोड़ों के काले धन को सफेद किया गया। इस पूरे खेल में गोविंद केडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**साझेदारी की फर्म-** जांच के दौरान ईडी विकास की कंपनियों की 236.30 करोड़ रुपये नकदी डेरिवेटिव और सुरक्षा होल्डिंग्स को फ्रीज कर चुकी है। वहीं गोविंद केडिया की सेल कंपनी मेसर्स लैक्सिस रेजीडेंसी एलएलपी विकास छपरिया की पार्टनरशिप फर्म और एक अन्य महादेव सट्टा एप के आरोपित नितिन टिबरेवाल से जुड़ी थी।

**केडिया ने सट्टा एप से जुड़े लोगों के लिए शेयर खरीदे-** कोलकाता में रहने वाले शेयर ब्रोकर गौरव महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों के लिए काम करता था। वो एक ही बार में करोड़ों के शेयर खरीदता था। इस मामले में जेल में बंद आरोपित नितिन टिबरेवाल के लिए उसने सबसे ज्यादा खरीदी की।

नितिन एप प्रमुख सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के करीबियों में से एक है। नितिन उनके पैसों को ऑनलाइन ठिकाने लगाता था। गौरव इन सभी के लिए शेयर खरीदता-बेचता था। सट्टे से जो फायदा होता, उसे शेयर बाजार में लगाकर वाइट किया जाता। इसके बदले उसे मोटा हिस्सा भी मिलता था।

गौरव ने सट्टा एप मामले में ही आरोपित हरिशंकर टिबरेवाल से संबंधित मारीशस स्थित कंपनी मेसर्स टानो इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटीज में एफपीआई और एफडीआई में सबसे ज्यादा निवेश किया। हरिशंकर फरार है। उसकी तलाश में एजेंसी की टीमें लगी हुई हैं।